29 दिसंबर को नवभारत ने की थी प्रमुखता से खबर प्रकाशित

शहपुरा-बरगी के चिकित्सा अधिकारी को सीएमएचओ ने थमाया नोटिस

एक दिन में तय मानकों से अधिक महिलाओं की नसबंदी ऑपरेशन करने का मामला

नवभारत,जबलपुर। जिला अस्पताल विक्टोरिया में नसबंदी शिविर के दौरान हुई लापरवाही के मामले में सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा ने नवभारत की खबर प्रकाशन के बाद शहपुरा और बरगी के चिकित्सा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और 3 दिन के अंदर उनसे जवाब तलब किया है। पूरा मामला महिला नसबंदी ऑपरेशन के बाद महिला मरीजों को जमीन पर दरी में बैठाना और एक दिन में अधिक ऑपरेशन करने से जुड़ा है। विदित हो कि विगत 29 दिसंबर के अंक में नवभारत ने ऑपरेशन के बाद ठंड में दरी पर बैठने मजबूर महिला मरीज, जिला अस्पताल विक्टोरिया में स्वास्थ्य सेवाओं की खुली पोल के शीर्षक की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसके बाद स्वास्थ विभाग जागा और सीएमएचओ ने इस गंभीर मामले में एक्शन लिया। बताया जा रहा है बरगी और शहपुरा के चिकित्सा अधिकारी अगर समय सीमा में स्पष्ट जवाब नहीं प्रस्तुत करेंगे तो उनके खिलाफ अनुशासनात्म कार्रवाई सुनिश्चित है।

जानकारी के अनुसार राज्य स्तर के निर्देशों के मुताबिक एक शिविर या एक दिन में कुल 30 महिलाओं के नसबंदी के ऑपरेशन किए जाना ही बताया गया है बावजूद इसके विगत कुछ दिन पहले जिला अस्पताल विक्टोरिया में नसबंदी शिविर के दौरान कुल 139 प्रकरण सामने आए। ऐसी स्थिति में अस्पताल में महिला मरीजों को ऑपरेशन के बाद बैठाने की समस्या खड़ी हुई जिसका नतीजा था कि महिला मरीजों को जमीन पर दरी में बैठना पड़ा। जानकारी के अनुसार शहपुरा और बरगी से करीब 30 से 35 महिलाओं को ऑपरेशन के लिए जिला अस्पताल विक्टोरिया भेजा गया था जो कि तय मानकों और राज्य शासन के निर्देशों का उल्लंघन था। सीएमएचओ के एक्शन के बाद ये तो स्पष्ट हो गया है कि भविष्य में नसबंदी शिविरों के संचालन में तय मानकों का सख्ती से पालन कराया जाएगा जिससे मरीजों को कोई परेशानी न हो।

चाकूबाजी में घायल की मौत बढ़ेगी हत्या की धारा

जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत जलशोधन के पास सोमवार शाम हत्या करने के इरादे से बदमाश ने पिता-पुत्र पर चाकू से वार कर दिया था। हमले में घायल पुत्र की इलाज के दौरान बुधवार दोपहर मौत हो गई है। पुलिस ने पहले हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया था आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब मौत के बाद मामले में हत्या की धाराएं बढ़ाई जा रही है। पुलिस के मुताबिक भारत वंशकार 55 वर्ष निवासी आजाद नगर गोकलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह नगर निगम में सफाई कर्मचारी है। सोमवार को वह अपने परिवार के साथ जलशोधन के पास सब्जी बाजार से सब्जी खरीदने आया था शाम लगभग 4-15 बजे रांझी करौंदी निवासी शंकर सेन जिससे उसकी रंजिश चल रही है, विवाद करने लगा जान से मारने की नियत से चाकू से हमलाकर चोट पहुंचा दी थी उसका बेटा आदेश वंशकार बीच बचाव करने लगा तो शंकर सेन ने जान से मारने की नियत से बेटे आदेश वंशकार 22 वर्ष के कमर में वायें तरफचोट पहुँचा दी थी और भाग गया था। घायल पिता-पुत्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान आदेश की मौत हो गई। टीआई का कहना है कि आरोपित को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। अब मामले में हत्या की धारा बढ़ाई जा रही है।

हुड़दंगियों से निपटने, सुरक्षा व्यवस्था संभालने तैनात रहा 1500 का फोर्स

नव वर्ष को लेकर अलर्ट: थर्टी फर्स्ट की रात फिक्स पीकेट्स में हुई चैकिंग, ब्रीथ एनालाईजर से किया चैक

नवभारत, जबलपुर। 2025 को अलविदा कहने और नए साल 2026 का जश्न मनाने युवाओं में खासा उत्साह दिखा। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर कहीं कोई घटना, दुर्घटना न हो, नव वर्ष का आगमन खुशहाल माहौल में हो। इसके मद्देनजर पुलिस ने शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में चाक चौबंद व्यवस्था की। हुड़दंगियों से निपटने, सुरक्षा व्यवस्था संभालने 1500 का फोर्स तैनात रहा। थर्टी फर्स्ट की रात फिक्स पीकेट्स में चैकिंग हुई। शहर के प्रमुख चौराहों पर जगह जगह फिक्स पीकेट्स, (बैरिकेट्स एवं स्टापर के साथ) लगाये जाकर चैकिंग की गई।

शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को ब्रीथ एनालाईजर द्वारा चैक किया किया गया। तेज गति व तीन सवारी वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती से नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने अपील की है कि नये वर्ष पर साउंड बाक्स का उपयोग इस प्रकार करें की उसका वॉल्यूम नियंत्रित रहे। नव वर्ष के आगमन को शांतिपूर्वक मनाये।

ढाबो-होटलों पर रही पैनी नजर

इसके साथ ही चिन्हित स्थानों पर सादी वर्दी में भी जवानो को लगाया गया है जो तत्वों पर नजर रखे हुए थे। इसके अलावा शहर के ढाबो एंव पार्को, होटल में जहॉ नव वर्ष की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किये गए वहां भी पैनी नजर रखी गई। निर्धारित मापदण्डो का पालन सुनिश्चित कराया गया। बिना अनुमति व लाइसेंस के शराब पार्टी का आयोजन करने वालों पर भी पुलिस और आबकारी विभाग की टीमें नजर रही।

पिकनिक स्पॉट पर आज बढ़ेगी सुरक्षा, मनचलों की होगी निगरानी

नए साल का जश्न मनाने आज पिकनिक स्पॉट, मंदिरों में भीड़ उमड़ेगी जिसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था यहां बढ़ा दी जायेगी। यहां अतिरिक्त बल तैनात होगा। इसके अलावा गुंडे-बदमाशों, मनचलों पर भी नजर रखी जायेगी। महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस फोर्स भी तैनत होगा।

कार से पहुंचे लुटेरों ने ड्राइवर पर हमला कर नगदी, मोबाईल लूटा

जबलपुर। बरेला थाना अंतर्गत हाईवे गौर नदी के ब्रिज के पास कार से पहुंचे लुटेरों ने मालवाहक रोका और डंडे से हमला कर चालक की नगदी और मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह लगभग 4-30 बजे मनीष बर्मन उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम परियट उर्दुआ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मौजी मिल्क कम्पनी में ड्रायवर की नौकरी करता है। मंगलवार को आटो मालवाहक क्रमांक एमपी 20 जेड के 0563 में दूध लेकर खजरी खिरिया वायपास जबलपुर से मंडला जगदीश यादव को दूध देने जा रहे थे हाईवे गौर नदी के ब्रिज को पार किये तभी उसके पीछे से सफेद कार में बैठे लडके ने उससे गाड़ी रोकने के लिये कहा, उसने अपना मालवाहक आटो नही रोका और और अपनी गाड़ी रांग साईड में ले गया, कैदीखाना होटल के सामने वाले ब्रिज के पास पहुँचा उसी समय उन्होने अपनी सफेद कार उसके मालवाहक आटो के आगे लगा दी उसने अपना मालवाहक आटो रोका, कार से 3 लोग उतर कर आकर उससे बोले कि तुमने पुल के पास एक्सीडेंट किया है, उसने मना किया तभी उनमें से एक व्यक्ति ने डंडे से हमलाकर उसे दोनों पैर में चोट पहुँचा दी।

इंदौर की घटना के बाद निगम प्रशासन अलर्ट, पाइप लाइनों का सुधार शुरू

नवभारत, जबलपुर। इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल के कारण हुई दुखद घटना को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम जबलपुर द्वारा भी जनस्वास्थ्य को सर्वोपरि मानते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने नागरिकों को स्वच्छ पेयजल ही आपूर्ति करने जल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं तथा प्रतिदिन जलापूर्ति व्यवस्था पर निगरानी रखने तथा व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिये हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश के बाद नगर निगम का जलकार्य विभाग पूरी तरह सक्रिय हो गया है। शहर के सभी संभागों में पाइप लाइनों के सुधार का कार्य व्यापक स्तर' पर प्रारंभ कर दिया गया है। विशेष रूप से उन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, जहाँ से गंदे पानी या पाइप लाइन लीकेज की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। महापौर - निगमायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा है कि शुद्ध पेयजल आपूर्ति में लापरवाही न हो।

सभी संभागों में वाटर सैंपलिंग

इंदौर की घटना को देखते हुए, स्वास्थ्य विभाग और जल विभाग की संयुक्त टीमों ने शहर के विभिन्न हिस्सों से पेयजल के सैंपल लेना शुरू कर दिया है। सभी ओवरहेड टैंक और अंतिम छोर के घरों से पानी के नमूने लिए जा रहे हैं। जहाँ भी पानी के दूषित होने की आशंका है, वहाँ तत्काल सप्लाई रोककर नई पाइप लाइन डालने या मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। जल विभाग की टीमें 24 घंटे अलर्ट मोड पर हैं ताकि जनसामान्य को शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

माल बाबा मंदिर लगा साल का आखिरी चंडी मेला

मंदिर में पूजन, दुकानों पर खूब हुई खरीदी

नवभारत,बेलखाडू (जबलपुर)। पुरानी परंपराओं का अनवरत क्रम जारी रहा, अहीर नृत्य और ढोलक, मृदंग की थाप पर थिरकन देख लोग ठिठक कर रह गए,दूसरी ओर माल बाबा मंदिर की सुसज्जित छटा देखते ही बन रही थी। अवसर था कटंगी रोड बेलखाडू के समीप खैरी ग्राम में प्रति वर्ष अनुसार साल के आखिरी दिन 31 दिसंबर को लगने वाले विशाल चंडी मेले का ,यहां आस पास की साथ ही जबलपुर शहर से आए अनगिनत व्यापारियों द्वारा सुबह से विभिन्न प्रकार की दुकानें सजाना प्रारंभ कर दी थी। अनेकों प्रकार की मिठाईया, इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स, विभिन्न झूले, कपड़ा बाजार, सहित अनेकों मनियारी दुकानों से सजे चंडी मेले में आस पास के ग्रामों के महिला पुरुष बच्चे घूमने पहुंचे और जमकर खरीददारी कर चंडी का आनंद लिया। बेलखाडू के बुजुर्ग प्रभात सिंह ठाकुर ने घोड़े, बैंड बाजों के साथ खैरी मॉल बाबा मंदिर तक जाकर पूजन अर्चन किया। मंदिर में पूजा करने के लिए दिन से लेकर रात तक भीड़ देखी गई।

रुक्मणी विवाह में जमकर नाचे श्रोता

नवभारत, सिहोरा । गोसलपुर शंकर कालोनी के समीप बाबा रामदास मंदिर मे आयोजित भागवत कथा मे कथा वाचक ने बताया कीमाता रुकमणि से विवाह कर भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा की उक्ताशय के विचार कथावाचक पंडित राम कृष्ण जी महाराज ने सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छंटवे दिवस श्रीकृष्ण रुकमणी के मंगल विवाह के अवसर पर व्यासपीठ से व्यक्त किए आगे कहा भक्तिमार्ग व्यक्ति को नम्र बनाता है। जबकि ज्ञानमार्ग जीवन में अहंकार पैदा करता है। पद और संपत्ति पाकर जो व्यक्ति अभिमान करता है उसको भगवान की भक्ति का फल नहीं मिलता उन्होंने कहा जब भगवान के प्रति अटूट प्रेम हो जाये और जीवन में सहजता और सरलता आ जाये तो भगवान मिल जाते हैं आगे कहा रुकमणी ने मन मन कृष्ण को पति मान चुकी थी और उनका विवाह उनकी इच्छा के बगैर दुष्ट राजा शिशुपाल से किया जा रहा था तो भगवान को संदेश भेजकर उन्होंने मंदिर में बुलवाया तो भगवान ने मंदिर पहुंची माता रुकमणी से विवाह किया श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह की सुंदर झांकी ने सबका मन मोह लिया भगवान के विवाह के साक्षी बने श्रोता दर्शकों ने जी भरकर इस मौके पर नाच गाकर खुशियां मनाई।

युवक ने लगाई फांसी

जबलपुर। सिहोरा थाना अंतर्गत कंकाली मोहल्ला में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि बुधवार को सुनील झारिया उम्र 42 वर्ष निवासी कंकाली मोहल्ला सिहोरा ने सूचना दी कि वह ड्रायवरी का काम करता है।

उमरिया में नकबजनी कर जबलपुर में चोरी की योजना बना रहा था गिरोह

पुलिस की घेराबंदी, तीन भागे, एक सदस्य गिरफ्तार

जबलपुर। उमरिया जिले में नकबजनी कर वापस लौटते समय चोर गिरोह जबलपुर में चोरी करने की योजना बना रहा था। माढोताल पुलिस ने कंटगी बायपास से खजरी खिरिया तरफ जाने वाले सर्विस लाजिस्टिक पार्क के पास दबिश दी तो तीन चोर भाग गए जबकि एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया गया। टीआई वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए भूरसिंह मेहडा पिता सदन मेहडा 25 वर्ष निवासी ग्राम छटवानी थाना टांडा जिला धार ने भागने वाले साथियो के नाम विशन बुंडर निवासी करनपुरा,नाहर सिंह निवासी उकाला ,सरदार सिंह निवासी उकाला थाना टांडा जिला धार बताया है। भूरसिंह मेहडा की तलाशी लेने पर जेवर मिले। पूछताछ करने पर 28 दिसंबर की रात्रि मे बिरसिंहपुर पाली स्थित एक कालोनी के एक घर में रात्रि लगभग 2 बजे ताला तोडकर अपने साथियों के साथ चोरी कर चुराये हुये जेवर को आपस में बांट लिये एवं बस से कटनी आये, कटनी से रात्रि में जबलपुर कटंगी बायपास पर बस से उतरकर जबलपुर में भी चोरी की घटना करने देर रात्रि होने का इंतजार कर रहे थे। आरोपी भूरसिंह के कब्जे से चुराये हुये लगभग 40 ग्राम वजनी सोने के जेवर जप्त किए गए हैं।

पश्चिम मध्य रेल

शुद्धिपत्र संख्या 49/2025

निविदा सं. 8125WCRTP-03 जिसके खुलने की तिथि 15/01/2026 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/111/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है-**Tender No. & Short Description-**8125WCRTP-03,Description: Manufacture & सप्लाई ऑफ 1-in-12 Weldable कास्ट मैंगजीन स्टील क्रसिंग B.G. फॉर 60E1 रेल सेक्शन , **Description:-From-**Manufacture & Supply of 1-in- 12 Weldable Cast Manganese Steel Crossing B.G. for 60E1rail section and R260 grade on PSC sleepers in accordance with RDSO's standard drawing No. T-6412(Alt.6) & T-8781 (Alt. 3) including supply of 6mm thick Nylon Chord Reinforced GRSP (drawing no. RDSO/T-10203 to RDSO/T- 10215, RDSO/T-10159 and RDSO/T 10161), excluding standard fish plates, fish bolts and nuts, E.R. Clips, insulating liner etc. All amendments/ Alterations in drawing and specification issued by RDSO as on date of publishing of tender shall be applicable to this tender), **Description:-To-**Manufacture & Supply, of 1-in- 12 Weldable Cast Manganese Steel Crossing B.G. for 60E1 rail section and R260 grade on PSC sleepers in accordance with RDSO's standard drawing No. T-6412 (Alt.6) & T-8781 (Alt. 3) including supply of 6mm thick Nylon Chord Reinforced GRSP and other fittings as per RDSO Drg. No. T-6412 (Fitting list to Drg. No. T-6412 is attached with this Tender). All amendments/ Alterations in drawing and specification issued by RDSO as on date of publishing of tender shall be applicable to this tender. **List of Fittings-Description:-From-**Existing, **Description:-To-** Revised List OF FITTINGS. अद्धतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेवसाईट https://www.ireps.gov.in देखे।

(हस्ता.)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

जल प्रदाय योजना में लापरवाही, ठेकेदार को नोटिस

नवभारत,जबलपुर। विकासखंड कुण्डम की छीताखुदरी समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों का जायजा लेने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत पहुंचे, जहां कार्य में देरी को लेकर कलेक्टर - सीईओ ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए ताकि योजना समय पर पूरी हो सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्राम छीताखुदरी स्थित इंटेक वेल और ग्राम बिल्टुकरी स्थित जल शोधन संयंत्र का दौरा किया। इस दौरान जल शोधन संयंत्र में पृथक गुणवत्ता नियंत्रण लैब स्थापित करने के भी निर्देश दिए गए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध जल सुनिश्चित किया जा सके।

कलेक्टर और सीईओ ने ठेकेदारों को चेतावनी दी कि कार्यों में और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय सीमा के भीतर योजना के समापन की आवश्यकता है। इस अवसर पर कुण्डम एसडीएम सुश्री प्रगति गणवीर भी उपस्थित रहीं। इस योजना से कुण्डम विकासखंड के 192 ग्रामों सहित कुल 363 ग्रामों को पेयजल उपलब्ध कराए जाने का प्रस्ताव है, जो क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

5 किलो का ट्यूमर निकालकर बचाई महिला की जान

जटिल ऑपरेशन से मिला मरीज को नया जीवन

नवभारत,जबलपुर। कुंडम-खितौला निवासी सुमंती बाई बीते एक वर्ष से पेट दर्द और भोजन न कर पाने की गंभीर समस्या से जूझ रही थीं। कई स्थानों पर इलाज के बावजूद राहत न मिलने पर परिजन उन्हें जबलपुर के गोल बाजार स्थित सुधा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्पण मिश्रा, वरिष्ठ लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. एच.के. दामडे एवं एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. विपिन रघुवंशी की टीम ने 4-5 घंटे के जटिल ऑपरेशन में पेट से लगभग 5 किलो का ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाला।

बताया गया कि ट्यूमर पेट में फट चुका था, जिससे जेली नुमा पदार्थ पूरे पेट में फैल गया था और आंतें सिकुड़ गई थीं। ऑपरेशन के दौरान आंतों को सावधानीपूर्वक सुलझाकर ट्यूमर हटाया गया। सर्जरी के बाद मरीज की हालत सामान्य है। परिजनों ने अनुभवी चिकित्सकों की टीम और अस्पताल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

डॉ. सुरेन्द्र सिंह को प्रभारी कुलसचिव का प्रभार

नवभारत,जबलपुर। म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के परिपालन में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में कुलसचिव डॉ. राजेन्द्र कुमार बघेल बुधवार को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो चुके हैं। शासन के आदेश आने तक डॉ. सुरेन्द्र सिंह, आचार्य, बायो साइंस विभाग को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ प्रभारी कुलसचिव का प्रभार सौंपा गया है।

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय सिवनी

क्रमांक/भण्डार/2025-26/8660 | सिवनी दिनांकः 23/12/2025

निविदा सूचना

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक सिवनी

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला सिवनी से वर्ष 2026 हेतु जिला चिकित्सालय सिवनी में निम्नानुसार खुली निविदा आयोजित कर दर अनुबंध किया जाना है जो कि ऑनलाइन www.mptenders.gov.in के माध्यम से संपादित होगी अन्य जानकारी निम्नानुसार हैः-

प्रवर्ग	निविदा ब्रिकी आरम्भ दिनांक	निविदा ब्रिकी समाप्त दिनांक	निविदा जमा करनें की अंतिम दिनांक	निविदा खुलने का दिनांक	धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य
आर्थोपेडिक इंम्लॉण्ट	06/01/26 11.00 am	16/01/26 17.00 pm	16/01/26 17.00 pm	19/01/26 12.00 pm	₹. 100000.00

निविदा प्रपत्र का मूल्य सभी प्रवर्ग हेतु अलग अलग रू. 1000 होगा। निविदा की एक प्रति निर्धारित समय एवं दिनांक तक कार्यालय के आवक शाखा में जमा कराया जाना अनिवार्य होगा।

जी-23616/25 | स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता | सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकि. सिवनी



अलर्ट मोड पर रही जीआरपी

नवभारत, जबलपुर। नए साल के जश्न को देखते हुए रेलवे जीआरपी और आरपीएफ अलर्ट मोड पर थी। रेलवे मंडल में आने और जाने वाली सभी महत्वपूर्ण गाड़ियों की चेकिंग की गई। जबलपुर जंक्शन पर साल के आखिरी दिन बुधवार को जीआरपी थाना प्रभारी के नेतृत्व में सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न ट्रेनों के साथ ही प्लेटफार्म पर संदिग्ध दिखे यात्रियों के सामानों की जांच की गई।बताया गया कि नए साल पर जश्न मनाने के लिए ट्रेन की बोगियों में प्रतिबंधित सामग्री लेकर पहुंचते हैं, इसलिए ऑपरेशन चलाया गया है। जबलपुर प्लेटफार्म पर जनता एक्सप्रेस, पैसेंजर ट्रेन, पवन एक्सप्रेस, हावड़ा मेल, महानगरी एक्सप्रेस समेत कई गाड़ियों में सर्च अभियान चलाया गया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सिहोरा जिला जबलपुर (म.प्र.)

Email ID cmosihora@mpurban.gov.in Phone no. 07624-230440, 230030

क्र./5149 / पीएमएवाय / 2025 | **प्रेस विज्ञप्ति** | सिहोरा, दिनांकः- 29/12/2025

म.प्र. नगरीय प्रशासन विकास एवं आवास मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्रमांक / **FUDH/9/0009/2025/18-2** भोपाल दिनांक 17/03/2025 में दिये गये निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र सिहोरा / खितौला के 1 से 18 वार्डो के अंतर्गत यूनीफाईड वेब पोर्टल पर प्राप्त आवेदन अनुसार हितग्राहियों के वार्डवार पात्र 109 हितग्राहियों के नाम का प्रकाशन किया जा रहा है।

प्रकाशित सूची में किसी भी व्यक्ति को किसी भी हितग्राही के संबंध में कोई दावा /आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर कार्यालय नगर पालिका परिषद सिहोरा में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके पश्चात निकाय की कोई जवाबदारी नहीं होगी। सूची कार्यालय के नोटिस वोर्ड पर उपलब्ध है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद सिहोरा

कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन- 482001 | Phone No. 761-2621541 | E-mail : cepwdcentral@mp.nic.in

निविदा सूचना क्रमांक- 15/सा/2025-26 | जबलपुर, दिनांक-24/12/2025

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकता है।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी.	जिला/ लो.नि.वि. संभाग	कार्य का नाम	आमंत्रण	ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाख में)	अमानत राशि रू.	निविदा प्रपत्र राशि रू.	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	2025_ PWDRB_ 470682_1	जबलपुर क्रं.-1	पड़रिया सलैया मार्ग लंबाई 7.00 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य एवं विद्युतीकरण कार्य सहित।	द्वितीय	1327.64 लाख	10,00,000/-	30,000/-	12 माह वर्षाऋतु सहित
2.	2025_ PWDRB_ 470683_1	जबलपुर क्रं.-1	गडरखेड़ा से सिहोरा मार्ग लं. 1.50 कि.मी. का निर्माण, विद्युतीकरण कार्य सहित।	द्वितीय	511.82 लाख	5,12,000/-	20,000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित

टीपः-निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 09/01/2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

जी-23592/25 | स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता | **मुख्य अभियंता लो. नि. वि. जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**

ममता बाई ठाकुर का निधन

जबलपुर। गंगा नगर कॉलोनी गढ़ा जबलपुर निवासी ममता बाई ठाकुर का निधन हो गया है। वे कंधी सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी एवं आशीष सिंह ठाकुर की मां थी। अंतिम संस्कार चौहानी मुक्तिधाम (देवताल गढ़ा) में हुआ।

MADHYA PRADESH POWER GENERATING COMPANY LIMITED

SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (GEN.)
SANJAY GANDHI THERMAL POWER STATION, MPPGCL, BIRSINGHPUR, DISTT.- UMARIA- 484552 (M.P.)
E-mail ID : sepnw.sgtps@mppgcl.mp.gov.in, FAX No. : 07655-260226

No. 511-0100/SGTPS/P&W/E-NIT-36/4033 | Birsinghpur, Date : 31.12.2025

E- TENDER INVITING NOTICE

M.P. POWER GENERATING CO. LTD. Invites Electronic tenders from manufacturer/reputed supplier /contractor, for the supply/works of following items for SGTPS, MPPGCL Birsinghpur.

Sl. No.	MPPGCL TENDER – ID	Particulars	Estimate (In Rs.)	Tender Cost (In Rs.)	E.M.D. (In Rs.)	Last Date of closing of online submission	Due Date of e-tender Opening
01.	2025_ MPPGC_ 463131_1	Annual work contract for office cleaning, brooming, sweeping and computer work at Add.C.E.(O&M)-I office at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur.	13,30,271/-	1000/-	26,700/-	28.01.2026	30.01.2026
02.	2025_ MPPGC_ 463132_1	Work proposal for complete overhauling/upgradation and reparing alongwith replacement of damaged parts of the fire tender MP-20A-8912, SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur.	11,98,880/-	1000/-	24,000/-	12.01.2026	16.01.2026
03.	2025_ MPPGC_ 463133_1	Hiring of loading vehicle in goods working condition for transportion of MPPGCL goods within MP or other states as per requirement (02 Ton, 04 Ton, 08 Ton and 12 Ton capacity) as and when required at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur.	10,88,668/-	1000/-	27,500/-	27.01.2026	30.01.2026
04.	2025_ MPPGC_ 464645_1	Work proposal for "complete overhauling up to zero vibration of rotary breaker RB-1, fabrication& erection of skirt holder, fabrication and erection of damaged take up trolley & its end support, complete repairing/rebuilding of RPG gates, its supports assembly and frame at SCH and repairing of worn out cage for secondary crusher and overhauling of seconadary crusher RG-1 to RG-4 installed 4x210 MW CHP-I" at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur.	47,38,002/-	1000/-	94,800/-	28.01.2026	03.02.2026
05.	2025_ MPPGC_ 438710_2	"Procurement of Spare Parts of Bulldozer-BD155 & Shovel BE-220G" installed at CHP-I (4x210 MW) ,SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur.	14,82,434/-	1000/-	29,700/-	27.01.2026	30.01.2026

These tenders are being invited through e-tendering system/ For viewing detailed E-NIT, downloading tender documents and participating in Electronic Tender, for any clarifications and/or due date extensions or corrigendum, please visit the website **www.mptenders.gov.in** regularly/ Any clarifications and/or due date extensions or corrigendum shall be issued on the website **www.mptenders.gov.in** only/

"SAVE ELECTRICITY- SAVE POWER- SAVE MONEY"

M.P. Madhyam/123782/2025 | **Superintending Engineer (P&W) O/o The Chief Engineer (Gen.)**